गणपति देवा मेरे गणपति देवा

गणपति देवा मेरे गणपति देवा
माता तेरी पार्वती, माता तेरी पार्वती
पिता महादेवा, गणपति देवा मेरे गणपति देवा

विघ्न हरण देवा तू कहलाता
सिद्ध कारज होंवे उसके, प्रथम जो भी ध्याता,
चरणों में आए हम करने तेरी सेवा
गणपति देवा मेरे गणपति देवा।

देवों में देव प्रभु तू है निराला
शिव का दुलारा तू है गौरा जी का लाला,
भोग है प्रिय तुम्हें, मोदक मेवा
गणपति देवा मेरे गणपति देवा

रिद्धि सिद्धि संग मेरे घर में पधारो
चरणों की दासी 'भाषा' काज संवारो
हर दिन हर पल बप्पा करें तेरी सेवा
गणपति देवा मेरे गणपति देवा

भजन रचना: राज कुमार "राजा" इंद्रलोक बिजनौर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33074/title/Ganpati-Deva-mere-ganpati-Deva

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |